दिनांक : 17/05/2026 समय :7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीदरलैंड्स की यात्रा रणनीतिक क्षेत्र में 17 महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ सम्पन्न हुई।
- उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा है कि डिजिटल बदलावों के दौर में आम नागरिकों का भरोसा बनाए रखना भी जरूरी।
- सरकार ने चांदी के आयात पर प्रतिबंध लगाया।
- देवास जिले में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की घटना के सिलसिले में पुलिस एवं राजस्व विभाग के चार अधिकारी निलंबित।

प्रधानमंत्री- यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीदरलैंड्स की यात्रा रणनीतिक क्षेत्र में 17 महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ सम्पन्न हुई। इनमें नवीकरणीय ऊर्जा पर संयुक्त कार्यदल और स्वच्छ ऊर्जा सहयोग को गति देने के लिए हरित हाइड्रोजन की कार्य योजना, आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण खनिज सहयोग, गुजरात की कल्पासर परियोजना के माध्यम से जल प्रबंधन पर नीदरलैंड्स का सहयोग शामिल है। प्रधानमंत्री पांच देशों की यात्रा के तीसरे चरण में आज स्वीडन के लिए रवाना होंगे। प्रधानमंत्री मोदी और नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री ने कल एक सांस्कृतिक कार्यम्रम में चोल युग के ताम्र प्लेटों को भारत वापस लाने से संबंधित ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग लिया। ताम्र प्लेट की वापसी भारत की जनता के लिए भावनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री की यात्रा दौरान टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने सेमी कंडक्टर के क्षेत्र में जानी मानी कम्पनी ए.एस.एम.एल. के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते से भारत के सेमी कंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र में मजबूती आएगी।

राष्ट्रीय सेमिनार

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा है कि भारत की न्यायपालिका को अब अस्पतालों की तरह 24 घंटे काम करने वाली व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ना होगा। डिजिटल बदलावों के इस दौर में आम नागरिकों का भरोसा बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। आज जबलपुर में आयोजित एक राष्ट्रीय सेमिनार में उन्होंने कहा कि तकनीकी प्लेटफॉर्म ऐसे हों जिन्हें ग्रामीण और तकनीक से कम परिचित लोग भी आसानी से समझ सकें। इस अवसर पर केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल ने कहा कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की यह पहल साधारण नहीं है।उन्होंने कहा कि पहले डिजिटल पुलिस नेटवर्क के उदाहरण के रूप में चंडीगढ़ का नाम लिया जाता था, लेकिन अब मध्य प्रदेश मिसाल बनेगा। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को सरल बनाया है और लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने में न्यायपालिका की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है।

चुनाव समिति

एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति ने कल बेंगलुरु में राजनीतिक दलों, वकीलों और नागरिक समाज के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया। समिति के अध्यक्ष पी.पी. चैधरी ने मीडिया को बताया कि समिति विभिन्न राज्यों के दौरे के दौरान आपत्तियां और सिफारिशें एकत्र कर रही है। प्रस्ताव से उत्पन्न चुनौतियों पर उन्होंने कहा कि चुनावों को एक साथ कराने के लिए कुछ राज्य विधानसभाओं को समय से पहले भंग करना होगा और दलबदल विरोधी कानूनों, अविश्वास प्रस्ताव और राष्ट्रपति शासन से उत्पन्न मुद्दों को हल करना होगा। श्री चैधरी ने कहा कि बार-बार चुनाव कराना राष्ट्रीय हित में नहीं है क्योंकि इससे चुनाव आचार संहिता के कारण विकास प्रभावित होता है, आर्थिक गतिविधियां बाधित होती हैं, पर्यटन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, साथ ही शिक्षा विभाग, बैंकों और सरकार के संबंधित विभागों पर भी असर पड़ता है।

कृषि रथ

वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में खरीफ सीजन पूर्व 10 दिवसीय कृषि रथ का शुभारंभ किया गया। धार जिले में केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर कृषि रथ को किया रवाना। जिले के सभी 13 विकास खण्डों के लिए 13 कृषि रथ तैयार किए गए हैं, जो जिले की सभी 510 ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर जिले के सांवेर में कृषि रथ का वर्चुवली शुभारंभ किया। आगामी 10 दिनों में कृषि रथ के माध्यम से जिले की सभी ग्राम पंचायतों में किसानों को खरीफ मौसम की क्षेत्रीय फसलों के लिये उन्नत कृषि तकनीक, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कृषि नवाचारों आदि की जानकारी दी जायेगी। शिवपुरी जिले के सभी विकासखंडों में कल 10 दिवसीय कृषि रथ अभियान का शुभारंभ किया गया जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा अमित यादव ने कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खंडवा में महापौर अमृता यादव ने कृषक जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सरकार-चांदी

कीमती धातुओं पर भारी सीमा शुल्क लगाने के कुछ ही दिनों बाद, सरकार ने चांदी के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना में कहा है कि सोने और प्लैटिनम से मढ़ी हुई चांदी सहित चांदी के आयात की नीति मुक्त से प्रतिबंधित में संशोधित कर दी गई है। सरकार ने बुधवार को कीमती धातुओं पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया था। प्रतिबंधित श्रेणी के अंतर्गत आने वाली वस्तुओं के आयात के लिए सरकारी लाइसेंस की आवश्यकता होती है।

देवास-विस्फोट निलंबित

देवास जिले की टोंकखुर्द तहसील के ग्राम टोंककला स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुई विस्फोट एवं आगजनी की घटना के मामले में पुलिस एवं राजस्व विभाग के चार अधिकारियों को तत्काल

प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आयुक्त उज्जैन संभाग से प्राप्त प्रतिवेदन और पुलिस महानिदेशक की अनुशंसा के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि संबंधित अधिकारी द्वारा शासन स्तर से समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप फैक्ट्री संचालन संबंधी निरीक्षण नहीं किए गए। वरिष्ठ कार्यालय को आवश्यक प्रतिवेदन भी प्रेषित नहीं किए गए। शासन ने इसे कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता माना है। जारी आदेश में कहा गया है कि विस्फोटक सामग्री से संबंधित प्रकरणों में शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रशासनिक निरीक्षण एवं निगरानी नहीं की गई। मामले में गंभीर लापरवाही पाई गई। वहीं खंडवा- जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को छैगांवमाखन एवं देशगांव क्षेत्र में संचालित पटाखा गोदामों का पुलिस और प्रशासन द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया।

शहीद आरक्षित

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में पुलिस, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा में शहीद होने वाले कर्मियों की विधवाओं तथा उनके आश्रित बच्चों के लिए एक अतिरिक्त सीट आरक्षित की है। आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा इस संबंध में सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रत्येक स्नातक पाठ्यक्रम में स्वीकृत सीटों के अतिरिक्त एक सुपरन्यूमेरेरी (अतिरिक्त) सीट निर्धारित की गई है, इससे नियमित सीटों की संख्या प्रभावित नहीं होगी।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में, कोलकाता नाइट राइडर्स ने गुजरात टाइटन्स को 29 रन से हरा दिया। कल रात कोलकाता में नाइट राइडर्स ने निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट पर 247 रन बनाए। जवाब में गुजरात टाइटंस चार विकेट खोकर 218 रन ही बना सकी।

प्रतियोगिता में, आज दो मुकाबले खेले जाएंगे। धर्मशाला में दोपहर साढे तीन बजे से पंजाब किंग्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। वहीं एक अन्य मैच में, दिल्ली में शाम साढे सात बजे से दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स आमने सामने होंगे।

मौसम-गर्मी

प्रदेश के शहडोल, चंबल, रीवा, जबलपुर, सागर संभागों के जिलों में कहीं कहीं बारिश दर्ज की गई, जबकि खंडवा, रतलाम, गुना, नर्मदापुरम सहित कई जिलों में लू का असर रहा। अधिकतम तापमान 44 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगामी दिनों में भी तापमान में विशेष राहत मिलने की संभावना कम है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर नहीं निकलने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने

और तेज धूप से बचाव करने की सलाह दी है। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों एवं बीमार व्यक्तियों को सावधानी बरतने की अपील की गई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- शिवपुरी, आगरमालवा, गुना सहित प्रदेश के सभी जिलों में कल 10 दिवसीय कृषि रथ अभियान का शुभारंभ किया गया।
- आगरमालवा और गुना में राष्ट्रीय डेंगु दिवस के अवसर पर कल डेंगु नियंत्रण, रोकथाम एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- सतना जिले के मझगवां में "फसलों में संतुलित उर्वरकों के प्रयोग" विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- बालाघाट के वारासिवनी सांदीपनि विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र मयंक मात्रे ने INTERNATIONAL SPACE SCIENCE COMPETITION में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर "ग्रैंड विनर" का खिताब अपने नाम किया।
- बैतूल जिले में 18 से 25 मई तक जनजातीय समुदाय हेतु लाभार्थी संतृप्ति शिविर जनभागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले का आयोजन किया जा रहा है।

-------------